This question paper contains 7 printed pages]

HPAS (Main)—2013

ECONOMICS

Paper I

Time : 3 Hours *Maximum Marks :* 150

Note :— Attempt *five* questions in all. Question No. **1** is compulsory. *All* questions carry equal marks.

कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न क्र. 1 अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. Explain consumer's equilibrium using revealed preference hypothesis. How is this theory is different from indifference curve analysis ? Under what conditions these theories are often criticized as unreal. What theoretical developments have taken place in the area of consumer behaviour in last 30 years ? 10,6,6,8

P.T.O.

प्रकटमान अधिमान सिद्धांत की सहायता से उपभोक्ता संतुलन की व्याख्या कीजिये। यह सिद्धांत अनाधिमान वक्र विश्लेषण से किस प्रकार भिन्न है ? वे कौन–सी शर्तें हैं जिनकी वजह से इन सिद्धांतों की अवास्तविक सिद्धांतों के रूप में आलोचना की जाती है। पिछले 30 सालों में उपभोक्ता व्यवहार के क्षेत्र में कौन–कौनसे सैद्धांतिक आयाम स्थापित हुए हैं ?

"Pareto Optimality is a necessary but not sufficient condition for welfare maximization." Explain this statement highlighting the role of 'Social Welfare contours' and 'Utility possibility contours' for a welfare maximizing state. 30

''पैरेटो विशिष्टता कल्याण अधिकतम् हेतु एक आवश्यक शर्त है; न कि सम्पूर्ण शर्त''—एक कल्याणकारी राज्य के लिए 'सामाजिक कल्याण परिरेखाओं' एवम् 'उपयोगिता सम्भावना परिरेखाओं की भूमिका को उजागर करते हुए इस कथन की विवेचना कीजिये।

3. Derive IS and LM curves. What determines the shape and slope of IS and LM curves ? Using different shapes of IS and LM curves highlight the implications of fiscal and monetary policy for an economy. 10,10,10

IS तथा LM वक्रों का व्युत्पन्न कीजिए। IS एवम् LM वक्रों की आकृति तथा ढलान का निर्धारण कौन करता है ? IS एवम् LM वक्रों की विभिन्न आकृतियों का प्रयोग करते हुए; एक अर्थव्यवस्था के लिए राजकोषीय एवम् मौद्रिक नीतियों के प्रभावों को उजागर कीजिये।

4. Do you think that speculative demand for money is responsible for the existence of involuntary unemployment in Keynesian model ? Give reasons in support of your answer. How this model is different from classical hypothesis ? 15,5,10

क्या आप सोचते हैं कि केन्ज़ के मॉडल में अनैच्छिक बेरोजगारी के लिए मुद्रा की सट्टा उद्देश्य माँग उत्तरदायी है ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिये। यह मॉडल परम्परावादी परिकल्पना से किस प्रकार से भिन्न है ?

5. Differentiate between Human Development Index (HDI) and Human Poverty Index (HPI) as a measure of development. Which one according to you is a better measure ? What limitations have these approaches as measures of economic development ? What suggestions would you make for improvements of these approaches ? 10,5,7,8

विकास के एक मापक के रूप में 'मानव विकास सूचकांक (HDI) एवम् मानव गरीबी सूचकांक (HPI) में विभेद कीजिए।

आपके अनुसार कौनसा मापक बेहतर है ? आर्थिक विकास के मापक के रूप में इन सूचकांकों की कौन-कौनसी सीमाएँ हैं ? आप इन सूचकांकों में सुधार हेतु क्या सुझाव देंगे ?

6. Explain Harrod-Domar Model. How is the neoclassical model of growth different from this one ? Do you think that the neo-classical model of growth is extension of what Harrod-Domar propounded or you find it superior to that. Give reasons in support of your answer. 14,16

हैरोड़-डोमर मॉडल की व्याख्या कीजिए। संवृद्धि का नव-परम्परावादी मॉडल, इस मॉडल से किस प्रकार से भिन्न है ? क्या आप सोचते हैं कि संवृद्धि का नव-परम्परावादी मॉडल हैरोड-डोमर द्वारा प्रतिपादित मॉडल का विस्तार है या आप इसको उससे अच्छा पाते हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए।

7. Do you see any significant difference between value added tax and sales tax ? Elaborate. Differentiate between private and social cost-benefit. Which one of the two is more relevant to government investment decision-making and why ? 10,10,10

क्या आप मूल्य-वृद्धि कर एवम् बिक्री कर के मध्य कोई महत्वपूर्ण अन्तर देखते हैं ? व्याख्या कीजिए। निजी एवम् सार्वजनिक लागत लाभ (Cost-benefit) के बीच अन्तर कीजिए। सरकारी निवेश निर्णय हेतु इन दोनों में कौनसा ज्यादा महत्वपूर्ण है और क्यों ?

8. Write short notes on any *two* of the following : 15,15

(*i*) Phillips Curve;

(*ii*) Prisoner's dilemma;

(*iii*) Dead-weight loss;

(*iv*) Inclusive growth

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*i*) फिलिप्स वक्र

(*ii*) बंदी दुविधा

(*iii*) महाभार (Dead-weight) हानि

(*iv*) समावेशी संवृद्धि।